RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7, अंकः 183, शनिवार, 15 अगस्त 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 ☎ 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


हर घर तिरंगा अभियान के तहत एसएसबी ने निकाली बाइक रैली 03


बिहार में डेढ़ साल में 50 हजार से ज्यादा जवान होंगे भर्ती : डीजीपी 04

सनी देओल के अभिनय को देखकर खामोश हो जाता था पूरा सेट... 07










## अवकाश की सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और हॉकरों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त 2026 (शनिवार) को अखबार के दफ्तर में अवकाश रहेगा। अब अगला अंक 17 अगस्त 2026 (सोमवार) को पढ़ पाएंगे। प्रबंधन
















































## संक्षिप्त समाचार

### डीएम -एसपी ने स्वतंत्रता दिवस परेड का लास्ट रिहर्सल देखा

**हाजीपुर (वैशाली)**। अक्षयवट राय स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जिलाधिकारी वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का जायजा लिया।



सशस्त्र बल, बिहार सैन्य पुलिस, जिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड की टुकड़ियों ने मार्च-पास्ट कर अधिकारियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने परेड में शामिल जवानों और कैडेट्स के कदमताल, अनुशासन तथा आपसी समन्वय की सराहना की। उन्होंने समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेडियम में मंच, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, सजावट, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी गहनता से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परेड के दौरान सलामी, मोड़ और कदमताल में बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### 14 किमी चलकर बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर जाएंगे श्रद्धालु वैशाली के महुआ से विराट हिंदू दांडी कांवर यात्रा शुरू

**हाजीपुर** । वैशाली के महुआ में सावन के अवसर पर शुक्रवार को विराट हिंदू दांडी कांवर यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी बम महुआ काली मंदिर से जल लेकर रवाना हुए। यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। भीषण गर्मी के बावजूद, कई डाक कांवरिया सड़क पर लेटकर दूरी तय कर रहे थे।



अलग-अलग संगठनों और समाजसेवियों द्वारा कांवरियों को शरबत और पानी वितरित किया गया। गर्मी से राहत देने के लिए कई स्थानों पर पंखे से हवा भी दी जा रही थी। यह यात्रा महुआ से देसरी रोड होते हुए लगभग 14 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर, धंधुआ पहुंचेगी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा कांवरियों का स्वागत और सेवा की जा रही थी। श्रद्धालु बाबा बटेश्वर नाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

### वैशाली में विवाहिता की मौत, बेड पर मिला बॉडी

**हाजीपुर**। वैशाली के राघोपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान पटना सिटी चौक थाना क्षेत्र के कैयामा निवासी दिलीप राय की बेटी रानी देवी (21) के रूप में हुई है। रानी की शादी लगभग दो वर्ष पहले राघोपुर के मेडन चौक निवासी बैजू राय से हुई थी। दंपति का एक करीब एक वर्ष का बेटा भी है। मृतका के मायके वालों के अनुसार, बुधवार रात लगभग 10



बजे ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी कि रानी ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर परिजन राघोपुर स्थित ससुराल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि रानी के गले पर काले निशान थे, जो फांसी लगाने के बजाय गला दबाकर हत्या किए जाने की ओर इशारा करते हैं। रानी के पिता दिलीप राय ने बताया कि शादी के समय 3 लाख दहेज देने की बात हुई थी, जो दे दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल वाले 2 लाख और मांग रहे थे। पिता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने के कारण उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष को रानी का मायके वालों से फोन पर बात करना पसंद नहीं था, जिसे लेकर अक्सर विवाद होता था। उन्होंने रानी के पति पर गांजा कारोबार से जुड़े होने का भी आरोप लगाया है, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


### रेलवे ने 3 स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

#### यात्रियों की सुविधा के लिए परिचालन का विस्तार

**हाजीपुर**। हाजीपुर में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने का फैसला किया है। इस निर्णय के तहत तीन प्रमुख स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 04014/04013 आनंद विहार-लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 31 अतिरिक्त फेरे जोड़े गए हैं। यह ट्रेन अब आनंद विहार टर्मिनल से 15 सितंबर 2026 तक और लौकहा बाजार से 19 सितंबर 2026 तक प्रतिदिन चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन झंझारपुर, सकरी, शिशो, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते संचालित होगी। विस्तारित अवधि के दौरान ट्रेन का समय, ठहराव और रेक संरचना पहले की तरह ही रहेगी। श्रावणी मेला को देखते हुए, गाड़ी संख्या 03234/03233 दानापुर-भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन में भी 6 फेरे बढ़ाए गए हैं। यह ट्रेन अब दानापुर से 13 से 18 अगस्त तक और भागलपुर से 14 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन चलेगी। यह श्रावणी मेला स्पेशल पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किउल और सुलतानगंज के रास्ते संचालित होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए पटना और अहमदाबाद के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के भी अतिरिक्त फेरे घोषित किए गए हैं। गाड़ी संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 19 अगस्त को चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद स्पेशल का परिचालन 14 अगस्त और 21 अगस्त को होगा। रेलवे के इस फैसले से इन रूटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा मिलेगी, जिससे भीड़भाड़ के दौरान यात्रा में आसानी होगी।

### 35 लाख के जेवर के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में 7 अगस्त की रात हुई करीब 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए करीब 35 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, अन्य कीमती सामान और सात मोबाइल बरामद किए गए हैं। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि



8 अगस्त को मीना देवी के लिखित आवेदन पर अहियापुर थाना में कांड संख्या 1281/26 दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि 6/7 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नकद राशि और कीमती आभूषण चोरी कर लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया था। सिटी एसपी के अनुसार, विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी शुरू की। इसी क्रम में 13 अगस्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोनु कुमार उर्फ आशीष और सोनु कुमार उर्फ आदित्य, दोनों अहियापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले, को गिरफ्तार किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए गांधी मैदान तैयार

**एजेंसी, पटना**



**13 विभागों की झांकियां, 20 परेड टुकड़ियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र, 62 स्थानों पर दंडाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी तैनात**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होने वाले मुख्य राजकीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए सुरक्षा, यातायात, दर्शकों की सुविधा और प्रकाश व्यवस्था समेत सभी इंतजामों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अंतिम निरीक्षण और पूर्वाभ्यास पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई है, ताकि 15 अगस्त को सभी कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। प्रशासन ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया है।

**हर दर्शक की सुविधा का रखा जाएगा ध्यानः** जिलाधिकारी के अनुसार बारिश के मौसम को देखते हुए समारोह में आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा और विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि समारोह में आने वाले प्रत्येक नागरिक की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

**80 हजार वर्गफीट में दर्शकों के लिए शेडः** बारिश की संभावना को देखते हुए दर्शकों की सुविधा के लिए करीब 80 हजार वर्गफीट क्षेत्र में दर्शक दीर्घा के ऊपर शेड बनाया गया है। इससे बारिश होने की स्थिति में भी दर्शक समारोह में शामिल हो सकेंगे। गांधी मैदान में प्रकाश मीनारों, LED मेटल लाइट और हाईमास्ट लाइट के माध्यम से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है।


**तीन स्तरों पर सुरक्षा, 62 जगहों पर तैनातीः** सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए पूरे गांधी मैदान को चार सेक्टर और सब-सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में वरीय स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। गांधी मैदान और कारगिल स्मृति चौक में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुल 62 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को 15 अगस्त की सुबह 6 बजे तक अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम समाप्त होने और सभी दर्शकों के सुरक्षित रूप से मैदान से निकलने तक अधिकारी अपने स्थान पर मौजूद रहेंगे।

## पटना में शोधार्थियों के धरने में पहुंचे पप्पू यादव

**एजेंसी, पटना**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव आज शुक्रवार को छात्रों के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे। यहां 'ऑल Ph.D. होल्डर एंड रिसर्च स्कॉलर एसोसिएशन ऑफ बिहार' की ओर से पिछले 11 दिनों से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन-सह-महाधरना पर बैठे हैं। शोधार्थी अपनी मांगों को लेकर सरकार से लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शोधार्थियों की प्रमुख मांग है कि सहायक प्राध्यापक बहाली में UGC रेगुलेशन 2018 के टेबल 3A को लागू किया जाए। इसके साथ ही सहायक प्राध्यापक पद के अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष करने की मांग की गई है। शोधार्थियों का कहना है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक की बहाली स्थायी और नियमित रूप से होनी चाहिए।

**डोमिसाइल और अतिथि शिक्षकों के समायोजन की मांगः** प्रदर्शनकारी शोधार्थी सहायक प्राध्यापक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही बिहार के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की स्वायत्तता का हनन रोकने की बात कही है। वर्षों से विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि



सहायक प्राध्यापकों को नियमित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति से पहले बिहार सरकार की ओर से सेवा सामंजन का लाभ देने की मांग भी रखी गई है।

**पप्पू यादव ने सरकार और राज्यपाल से कार्रवाई की मांग कीः** पप्पू यादव ने छपरा के कुलपति के खिलाफ भी गंभीर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सरकार से मांग किया कि इन छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

**16 अगस्त को उपवास की चेतावनीः** पप्पू यादव ने कहा, अगर शोधार्थियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 16 अगस्त को गर्दनीबाग धरना स्थल पर एक दिवसीय उपवास पर बैठेंगे। उन्होंने आंदोलन कर रहे शोधार्थियों के साथ खड़े रहने की बात कही। शोधार्थियों का यह आंदोलन शोधार्थियों के सम्मान, अधिकार और न्याय की मांग को लेकर जारी है। धरना स्थल पर आंदोलनकारी अपनी मांगों के समर्थन में सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग कर रहे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले आईजीआईएमएस के पास फायरिंग

**◆ 3 राउंड गोली चली, कहा- मुझे भी आईजीआईएमएस में काम करने दो, नहीं तो हत्या कर देंगे**




**एजेंसी, पटना**

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में बेली रोड स्थित IGIMS अस्पताल के पास शुक्रवार को गोलीबारी हुई है। 15 अगस्त को लेकर राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई फायरिंग की गई है। घटना की सूचना मिलते ही शास्त्रीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। बताया गया कि न्यू अंशिका मेडिको को टारगेट कर फायरिंग हुई है। दुकान में मौजूद कर्मियों को पहले बदमाशों ने धमकी दी। फिर गोली चलानी शुरू कर दी। 3 राउंड फायरिंग की गई है। 4 से 5 की संख्या में बदमाश बाइक से आए थे। दुकान के ऑनर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया, 6 से 7 की संख्या में सभी आए और मेरे स्टाफ के साथ मारपीट की। धमकी दी और दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग करते भाग गए। "तुम IGIMS में काम करते हो, मुझे भी करने दो, नहीं तो तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी।"

**CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिसः** पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना सामने नहीं आई है।

## पटना में चलती कार में अचानक लगी आग, बोनट से उठी लपटें, कार में बच्चा समेत 3 लोग थे सवार

**एजेंसी, पटना**

पटना के श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चलती होंडा कार में अचानक आग लग गई। संतुष्टि गली के कॉर्नर पर कार के इंजन के अगले हिस्से से पहले धुआं उठने लगा। कार चला रहे बिजनेसमैन और वाहन मालिक धर्मेश कुमार ने गाड़ी रोककर नीचे उतरकर देखा, तब तक बोनट से आग की लपटें उठने लगीं। कार में उस समय बच्चे समेत तीन लोग सवार थे। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सबसे पहले तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला।



**बर्तन में पानी भरकर आग बुझाने जुटे लोगः** आग लगने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बिना समय गंवाए अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। जिसके हाथ में जो बर्तन आया, उसी में पानी भरकर लोग कार पर डालने लगे। इसी बीच घटनास्थल से सटे मकान के मालिक ने अपने घर के मोटर पाइप से पानी की तेज धार कार पर डालना शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने खुद आग पर काबू पा लिया। बाद में अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची।

**लोग नहीं पहुंचते तो कार में फंस जाते लोग- प्रत्यक्षदर्शीः** घटना के प्रत्यक्षदर्शी संजय कुमार ने बताया, मैं वहां से गुजर रहा था। कार में आग लगी देखकर रुक गया। स्थानीय लोगों ने काफी मदद की है। सबसे पहले कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। संजय के मुताबिक, 'कार में कुल तीन लोग थे, जिनमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था। समय रहते लोगों ने उन्हें बाहर निकाल लिया, वरना वो

**◆ कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग**

सभी कार में ही फंस जाते। स्थिति गंभीर हो सकती थी।'

**बेटी को देखने बोरिंग रोड जा रहे थे कार मालिकः** कार मालिक धर्मेश कुमार ने बताया, 'मेरी बेटी बोरिंग रोड स्थित डॉक्टर अनीता सिंह के यहां भर्ती है। वह अपनी पत्नी और नाती के साथ बुद्धा कॉलोनी से बोरिंग रोड जा रहे थे। जैसे यहां गाड़ी पहुंची, अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। मैं देखने के लिए नीचे उतरा, तब तक बोनट से आग की लपटें निकलने लगीं।' धर्मेश कुमार के मुताबिक, प्रारंभिक तौर पर कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आई है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## स्कॉर्पियो ने बुलेट सवार पुलिस दंपती को मारी टक्कर

**एजेंसी, पटना**

पटना के बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर गुरुवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। घटना अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के पास हुई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बुलेट सवार बिहार पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर (SI) और उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला रूबी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पति SI हरेराम शर्मा गंभीर रूप से घायल हैं। उनका पटना के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**अशोक धाम से जलाभिषेक कर लौट रहे थे दंपतीः** जानकारी के मुताबिक, हरेराम शर्मा अपनी पत्नी रूबी देवी के साथ लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर से जलाभिषेक कर बुलेट से घर लौट रहे थे। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सबनीमा गांव के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया।

**आधे घंटे तक सड़क किनारे पड़े रहेः** हादसे के बाद घायल दंपती करीब आधे घंटे तक फोरलेन के किनारे खून से लथपथ पड़े रहे। वे राहगीरों से मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन तत्काल किसी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद नहीं की। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली, तब जाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

**इलाज के दौरान पत्नी ने तोड़ा दमः** गंभीर रूप से घायल हरेराम शर्मा को पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, पत्नी रूबी देवी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनका पोस्टमार्टम PMCH में कराया गया।

## 'हर घर तिरंगा' अभियानः दानापुर में निकली रैली 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे गूंजे

**एजेंसी, पटना**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से दानापुर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। नगर परिषद कार्यालय से शुरू हुई रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, नगर परिषद कर्मियों के साथ सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रैली का नेतृत्व अनुमंडलाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध पांडेय ने किया।

**नगर परिषद कार्यालय से अनुमंडल कार्यालय तक निकली रैलीः** तिरंगा रैली तकियापर स्थित नगर परिषद कार्यालय से शुरू हुई। यहां से रैली गाभतल, गोलापर, थाना मोड़, बस स्टैंड और सैनिक चौक होते हुए छावनी क्षेत्र स्थित अनुमंडल कार्यालय पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे छात्र-छात्राओं और अधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। रैली के दौरान पूरा मार्ग 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंजता रहा।

**बच्चों के हाथों में तिरंगा, चेहरे पर दिखा उत्साहः** रैली में शामिल स्कूली बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चे हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रशासनिक अधिकारी और नगर परिषद के कर्मी भी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। रैली के जरिए लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।

# पटना के थानेदार को गैलेंट्री अवॉर्ड, महिला आईपीएस और आईजी को राष्ट्रपति पदक

### बिहार के 18 अधिकारी-जवान स्वतंत्रता दिवस पर होंगे सम्मानित

**एजेंसी, पटना**

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देशभर के पुलिस अधिकारियों और जवानों को दिए जाने वाले पुलिस पदकों की घोषणा कर दी। इस बार बिहार पुलिस के 18 अधिकारियों और जवानों को अलग-अलग श्रेणियों में पुलिस पदक के लिए चुना गया है। इसमें इंस्पेक्टर मोहम्मद अफसर हुसैन को गैलेंट्री मेडल मिला है। वहीं आईजी संजय कुमार और एसपी बीना कुमारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक के लिए चुना गया है। इनमें बिहार पुलिस के एक IG, एक DIG और दो SP भी शामिल हैं।

**IG संजय कुमार और SP वीणा कुमारी को राष्ट्रपति पदकः** विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (President's Medal for Distinguished Service) के लिए बिहार के IG संजय कुमार और SP वीणा कुमारी का चयन किया गया है।

**15 पुलिस अधिकारियों-जवानों को सराहनीय सेवा पदकः** इसके अलावा बिहार



पुलिस के 15 अधिकारियों और जवानों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (Medal for Meritorious Service) देने की घोषणा की गई है। इनमें DIG राकेश कुमार सिन्हा और SP इम्तियाज अहमद समेत पुलिस अधिकारी, दारोगा, एएसआई, हवलदार और सिपाही शामिल हैं।

**डीएसपी से राकेश सन्हिा ने शुरू की सेवाः** डीआईजी राकेश कुमार सन्हिा ने 1999 में डीएसपी के रूप में पुलसि सेवा की शुरुआत की थी। 2001 में झारखंड के दुमका में पहली पोस्टगि हुई। बाद में उन्हें बहिार कैडर मलिा। रोहतास, शेखपुरा, जहानाबाद, नालंदा समेत कई जलिों में अपनी सेवाएं दीं। एसटीएफ से लेकर एटीएस और निगरानी में भी जम्मिेदारियां संभालीं। 2012 में उन्हें भारतीय पुलसि सेवा का अधिकारी बनाया गया। वर्तमान में वे निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में डीआईजी के पद पर सेवा दे रहे हैं। पंजाब और गुजरात चुनाव के दौरान वे पुलसि पर्यवेक्षक भी रहे। अबतक उन्हें 32 प्रशस्ति पत्र मलि चुके हैं। और अब उन्हें यह बड़ा सम्मान मलिा है।

**किसे मिलता है गैलेंट्री अवॉर्ड ?** गैलेंट्री अवॉर्ड (वीरता पुरस्कार) भारत सरकार द्वारा देश के सशस्त्र बलों, पुलिस बलों, नागरिक सुरक्षा कर्मियों और आम नागरिकों को उनकी वीरता, साहस, और आत्म बलिदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार युद्ध के दौरान या शांति के समय (गैर-युद्ध स्थितियों में) दिखाए गए अदम्य साहस और देशभक्ति को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं गैलेंट्री अवार्ड दो तरह के होते हैं। एक युद्धकालीन गैलैंट्री अवार्ड, जो देश के दुश्मन का सामना करते हुए असाधारण साहस दिखाने पर दिए जाते हैं।

#### पटना मेट्रो का मीठापुर तक विस्तार

## खेमनीचक से मीठापुर के बीच चलेगी छह बोगी वाली मेट्रो, पुणे से लीज पर आएंगी तीन नई ट्रेनें

**एजेंसी, पटना**

पटना मेट्रो का विस्तार अब खेमनीचक से मीठापुर तक किया जा रहा है। दोनों स्टेशनों के बीच 3.1 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाया जा रहा है। इस हिस्से पर छह बोगी वाली मेट्रो ट्रेन चलाने की तैयारी है। इससे रूट के विस्तार के साथ यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (PMRCL) ने छह बोगी वाली तीन ट्रेन सेट के लिए पुणे मेट्रो को ऑर्डर दिया है। इन्हें तीन साल की लीज पर लिया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन सेट दिसंबर तक पटना पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल पटना मेट्रो में तीन बोगी वाली ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

**628.32 करोड़ की मंजूरी से निर्माण को मिलेगी गतिः** राज्य सरकार ने पटना मेट्रो के निर्माण और संचालन के लिए 628.32 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस राशि



से खेमनीचक-मीठापुर एलिवेटेड मेट्रो के साथ मलाही पकड़ी से पटना जंक्शन तक अंडरग्राउंड मेट्रो के निर्माण कार्य को भी गति देने की तैयारी है।

**जून 2027 तक मीठापुर रूट शुरू करने का लक्ष्यः** खेमनीचक से मीठापुर तक एलिवेटेड ट्रैक का सुपर स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। इस हिस्से में मीठापुर, रामकृष्णा नगर, जगनपुरा और खेमनीचक समेत चार स्टेशन होंगे। स्टेशनों का निर्माण जारी है। सिविल वर्क, ट्रैक, लिफ्ट और एस्केलेटर समेत अन्य कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इस कॉरिडोर को जून 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी




**बीएनएम@ योगापट्टी** : योगापटि प्रखंड के बलुआ भवानीपुर पंचायत मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय बुनियादी विद्यालय, बलुआ के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।विद्यालय परिवार ने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। प्रभात फेरी में शिक्षक हीरालाल सर नंद प्रकाश सर अंशु कर अशरफ नेयाज कुमारी निशाकांत राजीव कुमार रजक एवं अन्य शिक्षक व शिक्षाका उपस्थित रहे।

### 48 घंटे में पॉस्को एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**बीएनएम@ बगहा**ः बगहा पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को प्राथमिकी दर्ज होने के महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनहा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग युवती की माता ने 12 अगस्त को गांव के ही 18 वर्षीय युवक के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में आरोप लगाया गया कि युवक करीब एक वर्ष से नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। 11 अगस्त को युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद उसकी माता ने धनहा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। फिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अकबरपुर थानाध्यक्ष का हुआ स्थानांतरण

विदाई समारोह में उमड़े लोग




**बीएनएम@ नवादा**। अकबरपुर थाना परिसर में शुक्रवार को पदस्थापित थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा के स्थानांतरण पर एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अकबरपुर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को काफी बढ़ाया। एक सख्त पुलिस अधिकारी होने के साथ-साथ वे जनता के प्रति बेहद संवेदनशील और सहयोगी रूप में जाने गए। उन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की शिकायतों को प्राथमिकता दी और जटिल मामलों का शांतिपूर्ण समाधान कराया। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से उन्होंने क्षेत्रवासियों के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके इस सराहनीय कार्यकाल को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

### स्नातक चुनाव को लेकर जदयू कार्यालय में बैठक आयोजित




**बीएनएम@ नवादा**ः आगामी स्नातक चुनाव की तैयारियों को लेकर स्थानीय जदयू कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधान पार्षद (एमएलसी) नीरज कुमार पहुंचे।बैठक की अध्यक्षता जिला जदयू अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ नेता किशोरी सिंह ने किया। अपने संबोधन में एमएलसी नीरज कुमार ने सभी प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदाता का मोबाइल नंबर नोट कर पंचायत स्तर तक सीधा संपर्क साधने और एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी मेहनत से जुटने की सलाह दी।बैठक के दौरान नवादा जिले के सभी प्रखंड और नगर अध्यक्षों ने अपनी बातें रखीं और विश्वास दिलाया कि आगामी स्नातक चुनाव में एक-एक वोट एनडीए के पक्ष में पड़ेगा।इस अवसर पर प्रोफेसर प्रमिला प्रजापति, हरि कृपाल, प्रोफेसर बिन्नी प्रसाद, जीवनलाल चंद्रवंशी, दीपक कुमार मुन्ना, राजीव रंजन, मीडिया प्रभारी तने पठान, अनवर भट्ट, निजाम खान, मोहन सिंह, राजा भट्ट, मंजूर आलम, दिनेश यादव, ज्योति पासवान, विपिन कुमार चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार वर्मा, आदित्य मेघावी, रामाश्रय प्रसाद, रामाश्रय सिंह, सीताराम सिंह, अनिल कुमार मंडल, अरुण कुमार वर्मा सहित सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ नारदीगंज(नवादा)**। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार थाना 251/26 के प्राथमिक अभियुक्त जितेंद्र चौधरी, पिता सुरेश चौधरी सकिन वभनौली सिताबिगहा को नारदीगंज थाना में गठित छापामारी दल के द्वारा एसआई दिनेश कुमार के नेतृत्व में ग्राम सीता बिगहा से विधिवत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एनबीडब्ल्यू वारंटी पंडपा निवासी नारो राजवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया ।

### जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**बीएनएम@ नारदीगंज(नवादा)**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई। इस बाबत बीडीओ सोनिया ढ़नढ़ननिया ने कहा कि विभिन्न गांव के पांच मुख्यमंत्री वृद्धापेंशन योजना के लाभ के लिए बीडीओ को आवेदन पत्र दिया है। उन्होंने कहा सभी लाभुकों के आवेदन पत्र को सम्बंधित पंचायत सचिव को अग्रसारित कर जांच के बाद निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2026 में पुलिस की उपलब्धियों, अपराध , नक्सल अभियान आदि की दी गई जानकारी

# बिहार में डेढ़ साल में 50 हजार से ज्यादा जवान होंगे भर्ती : डीजीपी

» हत्या-डकैती में भी आई कमी

## हत्या और डकैती के मामलों में कमी का दावा

बीएनएम@ पटना

**पटना**। बिहार पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। डीजीपी विनय कुमार समेत गृह विभाग और पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान 2026 में पुलिस की उपलब्धियों, अपराध में कमी, भर्ती, नक्सल अभियान और पुलिस व्यवस्था में बदलाव की जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडीजी मुख्यालय सुनील कुमार, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर केएस अनुपम, गृह सचिव प्रणव कुमार और गृह विभाग के विशेष सचिव क्षत्रनील सिंह भी मौजूद रहे। होम सिक्योरिटी बिहार की ओर से बताया गया कि राज्य में अपराध के कुछ प्रमुख मामलों में कमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक हत्या के मामलों में 10.1 फीसदी और डकैती में 31.32 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। बिहार पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी उपलब्धि



बताया है। पुलिस के मुताबिक अभियान के चलते अब राज्य का एक भी जिला उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र नहीं है। डीजीपी ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में नक्सली गतिविधियां बड़े स्तर पर थीं। डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस बल की संख्या बढ़ाने को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ साल में 22 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है। इसके अलावा 26,574 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है.।इसे एक साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। डीजीपी के मुताबिक डेढ़ साल की अवधि में बिहार पुलिस में 50 हजार से ज्यादा नई भर्तियां करने की दिशा में काम हो रहा है।

भोजपुर के भरत तिवारी मामले को लेकर पूछे गए सवाल पर डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि मामले में न्यायिक जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि कुछ पुलिसकर्मियों की ओर से जरूरत से ज्यादा बल इस्तेमाल किए जाने की भी जांच हो रही है। घटना में शामिल एक पुलिसकर्मी को निलंबित किया जा चुका है। डीजीपी ने कहा कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी का फोकस सिर्फ अपराध के आंकड़ों पर नहीं रहा। उन्होंने नशा, मानव तस्करी, बच्चों की चोरी और हत्या जैसे मामलों को सामाजिक समस्या से भी जोड़कर देखा। उनका कहना था कि पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, लेकिन अपराध और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज की भागीदारी भी जरूरी है।

# पटना में चलती कार में अचानक लगी आग

कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

## बोनट से उठी लपटें, कार में बच्चा समेत 3 लोग थे सवार

बीएनएम@ पटना

**पटना**। पटना के श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चलती होंडा कार में अचानक आग लग गई। संतुष्टि गली के कॉर्नर पर कार के इंजन के अगले हिस्से से पहले धुआं उठने लगा। कार चला रहे बिजनेसमैन और वाहन मालिक धर्मेश कुमार ने गाड़ी रोककर नीचे उतरकर देखा, तब तक बोनट से आग की लपटें उठने लगीं। कार में उस समय बच्चे समेत तीन लोग सवार थे। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सबसे पहले तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग लगने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बिना समय गंवाए अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। जिसके हाथ में जो बर्तन आया, उसी में पानी भरकर लोग कार पर डालने लगे। इसी बीच घटनास्थल से सटे मकान के मालिक ने अपने घर के मोटर पाइप से पानी की तेज धार कार पर डालना शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने खुद आग पर काबू पा लिया। बाद में अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची।घटना के प्रत्यक्षदर्शी संजय कुमार ने बताया, मैं वहां से गुजर रहा था।



कार में आग लगी देखकर रुक गया। स्थानीय लोगों ने काफी मदद की है। सबसे पहले कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। संजय के मुताबिक, ‘कार में कुल तीन लोग थे, जिनमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था। समय रहते लोगों ने उन्हें बाहर निकाल लिया, वरना वो सभी कार में ही फंस जाते। स्थिति गंभीर हो सकती थी।’कार मालिक धर्मेश कुमार ने बताया, ‘मेरी बेटी बोरिंग रोड स्थित डॉक्टर अनीता सिंह के यहां भर्ती है। वह अपनी पत्नी और नाती के साथ बुद्धा कॉलोनी से बोरिंग रोड जा रहे थे। जैसे यहां गाड़ी पहुंची, अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। मैं देखने के लिए नीचे उतरा, तब तक बोनट से आग की लपटें निकलने लगीं।’ धर्मेश कुमार के मुताबिक, प्रारंभिक तौर पर कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आई है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## बिक्रम में पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस के साथ दो धराए

बीएनएम@पटना

**पटना**। पटना जिले की बिक्रम थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर निजामपुर टोला गांव में अचानक छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने त्वरित घेराबंदी करते हुए गांव के ही दो शातिर अपराधियों—चंदन कुमार (27 वर्ष) और राहुल कुमार (28 वर्ष) को दबोच लिया।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से अवैध आग्नेयास्त्रों का जखीरा बरामद किया है। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 01 देशी पिस्टल, 01 मैगजीन, 04 जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस की इस तत्परता से इलाके में किसी बड़ी आपराधिक घटना की आशंका को समय रहते टाल दिया गया है। ड़ाई से की गई पूछताछ में मामले के तार नौबतपुर से जुड़ते नजर आए। आरोपी राहुल कुमार ने बताया कि चंदन कुमार ने ही उसे यह हथियार रखने के लिए दिया था। वहीं चंदन ने कुबूल किया कि दनाड़ा गांव निवासी पवन कुमार ने बीते 12 अगस्त 2026 को नौबतपुर लख के पास उसे यह हथियार और कारतूस सौंपे थे। बिक्रम थाना पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मुख्य हथियार सप्लायर पवन कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

हाथों में तिरंगा लिए लोग देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे, पूरा मार्ग राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया

# मदुदाबाद से निकली 15 किमी लंबी भव्य तिरंगा यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक राजेश सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

बीएनएम@ समस्तीपुर

**समस्तीपुर**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत शुक्रवार को मोहिउद्दीन नगर विधानसभा क्षेत्र के मदुदाबाद स्थित डाकबंगला से करीब 15 किलोमीटर लंबी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए लोग देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा मार्ग राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगा यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मोहिउद्दीन नगर विधायक राजेश कुमार सिंह, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, विधान पार्षद तरुण कुमार चौधरी, हाजीपुर विधायक



अवधेश सिंह एवं भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा, पूर्व सैनिक और आम नागरिक शामिल हुए। मदुदाबाद डाकबंगला परिसर पर्यावरण सेवी भाई रणधीर के नेतृत्व में एक पौधे का ओपन कर तिरंगा यात्रा शुरू हुई शुरू हुई यात्रा हनुमाननगर, सिवैसिंहपुर के मार्गों से होते हुए पटोरी अनुमंडल क्षेत्र स्थित शहीद नायक भगत सिंह की प्रतिमा स्थल तक पहुंची। रास्ते में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में युवाओं और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ‘हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा’ अभियान का प्रमुख संदेश है। नित्यानंद राय ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाए और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना प्रदर्शित करे। करीब 15 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा। हजारों लोगों की भागीदारी से आयोजन में खासा उत्साह देखने को मिला।

## कल्याणपुर बस्ती पश्चिम में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

बीएनएम@ समस्तीपुर

**समस्तीपुर**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत राज कल्याणपुर बस्ती पश्चिम में शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचायत भवन परिसर से मुखिया संजू कुमारी राय के नेतृत्व में निकली यात्रा पंचायत के विभिन्न वार्डों से होते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय छठु टोल टांडा के प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पंचायतकर्मी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में बिहार राज्य किसान सभा के जिलाध्यक्ष मनोज प्रसाद सुनील, मुखिया संजू कुमारी राय, उपमुखिया राजकुमार पासवान, वार्ड सदस्य अमित कुमार, अंजनी कुमारी एवं नीलम देवी, पंच शिवजी पासवान, पंचायत सचिव रामकुमार पासवान, किसान सलाहकार संदीप कुंवर, प्रधानाध्यापक मुनीलाल प्रसाद, शिक्षक प्रेम कुमार राय, काजल कुमारी, प्रेमवक कुमार उपाध्याय एवं वंदना कुमारी, जीविका प्रवेक्षक अजय राम, स्वच्छता प्रवेक्षक प्रमोद कुमार राय, समाजसेवी रौशन कुमार, पवन कुमार प्रभाकर, जागेश्वर राय, मुन्ना यादव एवं हरेराम कुंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 24 घंटे के सामूहिक उपवास के बाद माले नेताओं ने तोड़ा अनशन

बीएनएम@ बेतिया

**बेतिया** : बैरिया, पांच डिसमिल जमीन, राशन सूची से गरीबों के नाम काटने पर रोक, गांवों में टैक्स वसूली बंद करने और ग्रामजी कानून के तहत काम देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर 13-14 अगस्त को बैरिया प्रखंड-अंचल मुख्यालय पर चल रहा 24 घंटे का सामूहिक उपवास शुक्रवार को समाप्त हुआ। माले नेता सुनील कुमार राव ने जूस पिलाकर नवीन कुमार, हारून गद्दी, मोज्जमील हुसैन, अशोक कुशवाहा, मुखलाल मुखिया, धर्मेंद्र कुशवाहा और मंगल चौधरी का अनशन तुड़वाया। माले नेता नवीन कुमार ने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन में कथित लूट, दलित-गरीबों को वास-आवास अधिकार से वंचित करने और बैरिया के नीतिश नगर



के वर्षों से बसे लोगों की प्रस्तावित बंदोबस्ती लंबित रखने के खिलाफ धारावाहिक आंदोलन चलाया जाएगा। रामायण चौधरी ने अनशनकारियों को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम ‘सहारा’ में निकली भव्य तिरंगा रैली

» पौधरोपण कर दिया राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बीएनएम@ बेतिया

**बेतिया**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पश्चिम चंपारण के वृद्धाश्रम ‘सहारा’ में शुक्रवार को भव्य तिरंगा रैली एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार रहे। रैली में वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों सहित उपस्थित लोगों ने ‘हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा’ का संदेश दिया। इस दौरान राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव प्रभात झा उर्फ चंदन झा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनकी टीम और वृद्धाश्रम के लोगों ने परिसर में पौधरोपण किया। मुख्य



अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि वरिष्ठजन समाज की धरोहर हैं। रैली के बाद सामूहिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया गया।

# विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों को लेकर पंच सम्मेलन आयोजित

» 125 दिनों के रोजगार की गारंटी पर जोर

बीएनएम@ बेतिया

**बेतिया** : गांधी सभागार, रमना में शुक्रवार को “विकसित भारत जी राम जी” के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड प्रमुख-उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य, सांसद, विधायक, कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत रोजगार सेवक सहित अधिकारी और कर्मी शामिल हुए। निदेशक पुरुषोत्तम त्रिवेदी ने बताया कि मनरेगा का स्थान लेने वाले “विकसित भारत जी राम जी” के तहत ग्रामीण रोजगार, आजीविका और विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि




योजना में प्रत्येक परिवार को साल में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी, 300 दैनिक मजदूरी और कृषि कार्य के दौरान 60 दिनों की घोषित बंदी का प्रावधान है। भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने इसे ग्रामीण विकास का नया आयाम बताया। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने जल संरक्षण और जल संचयन को प्राथमिकता देने तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया। विधायक रेणु देवी ने रोजगार के साथ शिक्षा और स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों ने भुगतान, मजदूरी, बेरोजगारी भत्ता और कार्यान्वयन से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान बताया। कार्यक्रम का समापन बिहार गीत के साथ हुआ।

# बिहार पंचायत चुनाव 2026: परिसीमन बनाम सरकार की मंशा



राकेश कुमार

बिहार में पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी माना जाता है। राज्य की लगभग हर पंचायत में मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद प्रतिनिधि सीधे जनता के वोट से चुने जाते हैं। यही कारण है कि पंचायत चुनाव का प्रभाव गांव के विकास, स्थानीय प्रशासन और सामाजिक नेतृत्व पर सबसे अधिक पड़ता है। वर्ष 2026 का पंचायत चुनाव इसलिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि इस बार चुनाव से पहले परिसीमन की व्यापक प्रक्रिया चल रही है। एक ओर सरकार समय पर चुनाव कराने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर पंचायतों की सीमाओं के पुनर्गठन ने राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। आज बिहार के हजारों गांवों में सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि कौन चुनाव लड़ेगा, बल्कि यह है कि किस गांव की सीमा किस पंचायत में रहेगी, किस वार्ड का अस्तित्व बदलेगा और किस सीट का आरक्षण बदल जाएगा। यही कारण है कि परिसीमन बनाम सरकार की मंशा की बहस पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन चुकी है। परिसीमन का अर्थ है चुनावी क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण। पंचायत स्तर पर इसका मतलब ग्राम पंचायत, वार्ड, पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्रों की सीमाओं को नई जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार पुनर्गठित करना है। पिछले कई दशकों में बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी तेजी से बढ़ी है। अनेक गांवों में नए टोले बसे हैं, कुछ पंचायतों की जनसंख्या दोगुनी हो गई है, जबकि कुछ पंचायतें अपेक्षाकृत छोटी रह गई हैं। ऐसे में समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सीमाओं का पुनर्गठन आवश्यक माना गया। सरकार का तर्क है कि यदि किसी पंचायत में बारह से पंद्रह हजार लोग रहते हैं और दूसरी पंचायत में मात्र तीन या चार हजार आबादी है, तो दोनों को समान प्रतिनिधित्व देना लोकतांत्रिक दृष्टि से उचित नहीं होगा। इसलिए नई जनसंख्या के आधार पर पंचायतों का आकार संतुलित करना समय की आवश्यकता है। सिद्धांत रूप में यह तर्क मजबूत दिखाई देता है क्योंकि लोकतंत्र का मूल आधार समान प्रतिनिधित्व ही है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब परिसीमन की प्रक्रिया चुनाव के ठीक पहले शुरू होती है। इससे उम्मीदवारों की तैयारी, मतदाता सूची, आरक्षण और चुनावी रणनीति सभी प्रभावित होते हैं। यही वजह है कि राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या सरकार वास्तव में समय पर चुनाव चाहती है या परिसीमन की प्रक्रिया चुनाव की समय राज्य सरकार लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसे अनावश्यक रूप से टालने का कोई इरादा नहीं है। पंचायती राज विभाग के स्तर पर यह भी कहा गया है कि चुनाव निर्धारित अवधि के भीतर कराने का प्रयास किया जाएगा। सरकार चाहती है कि निर्वाचित पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासनिक रिक्तता पैदा न हो। दूसरी ओर निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रशासनिक कदम यह संकेत देते हैं कि परिसीमन की औपचारिक प्रक्रिया पूरी किए बिना चुनाव कराना संभव नहीं होगा। प्रारूप प्रकाशन, दावा–आपत्ति, सुनवाई, अंतिम सीमांकन और आरक्षण निर्धारण जैसे कई चरण अभी पूरे होने बाकी हैं। इन प्रक्रियाओं में समय लगना स्वाभाविक है क्योंकि प्रत्येक पंचायत में स्थानीय लोगों को आपत्ति दर्ज कराने और उसका निस्तारण कराने का अधिकार दिया गया है। यहीं से सरकार और चुनावी प्रक्रिया के बीच समय का टकरावदिखाई देता है। सरकार राजनीतिक रूप से समय पर चुनाव का संदेश देना चाहती है, जबकि प्रशासनिक व्यवस्था कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने पर जोर दे रही है। यह विरोधाभास ही जनता के मन में भ्रम पैदा कर रहा है। परिसीमन का सबसे बड़ा प्रभाव ग्रामीण राजनीति पर पड़ने वाला है। कई ऐसे मुखिया हैं जिन्होंने वर्षों तक अपने क्षेत्र में मजबूत जनाधार बनाया है। उनकी जीत का आधार कुछ विशेष वार्ड या गांव रहे हैं। यदि परिसीमन के बाद वही गांव दूसरी पंचायत में शामिल हो जाता है, तो उनका पूरा राजनीतिक समीकरण बदल सकता है। इसी प्रकार अनेक नए गांव पहली बार ऐसी पंचायतों में शामिल होंगे जहां उनका प्रतिनिधित्व पहले नहीं था। इससे नए नेतृत्व को अवसर मिलेगा और पुराने राजनीतिक समीकरण कमजोर पड़ सकते हैं। यही कारण है कि संभावित उम्मीदवार आज विकास योजनाओं से अधिक पंचायत की नई सीमा पर नजर रखे हुए हैं। गांवों में यह चर्चा भी आम है कि पंचायत का नाम और मुख्यालय किस गांव में होगा। यदि किसी बड़े गांव को पंचायत मुख्यालय बनाया जाता है तो वहां प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ेंगी, बाजार विकसित होगा और सरकारी कार्यालयों तक पहुंच आसान होगी। दूसरी ओर जिन गांवों से मुख्यालय हटेगा, वहां सामाजिक असंतोष भी उत्पन्न हो सकता है। पंचायत चुनाव में आरक्षण हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता है। मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद की अनेक सीटें महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होती हैं। परिसीमन के बाद इन सीटों का रोस्टर भी बदल सकता है। इसका अर्थ यह है कि जिस पंचायत में वर्तमान मुखिया सामान्य वर्ग से हैं, वही सीट अगले चुनाव में महिला या अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हो सकती है। इसी प्रकार वर्तमान आरक्षित सीट सामान्य श्रेणी में आ सकती है। इससे चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हजारों संभावित उम्मीदवारों की रणनीति पूरी तरह बदल जाएगी। महिला आरक्षण के कारण पिछले दो दशकों में बिहार की




पंचायत राजनीति में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। अब अनेक परिवार परिसीमन के साथ-साथ आरक्षण सूची का भी इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उसी के आधार पर तय होगा कि वास्तविक उम्मीदवार कौन होगा। अक्सर यह माना जाता है कि परिसीमन केवल नेताओं को प्रभावित करता है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। सबसे अधिक प्रभाव आम मतदाताओं पर पड़ता है। यदि किसी गांव की सीमा बदलती है तो मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित होंगे, मतदान केंद्र बदल सकते हैं और कई लोगों को पहली बार दूसरे पंचायत मुख्यालय तक जाना पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र की दूरी भी महत्वपूर्ण मुद्दा होती है। बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए नया मतदान केंद्र अतिरिक्त चुनौती बन सकता है। इसलिए परिसीमन केवल नक्शे का परिवर्तन नहीं, बल्कि नागरिक सुविधा का भी प्रश्न है। मतदाताओं के सामने एक और चुनौती यह होगी कि उन्हें अपने नए वार्ड और पंचायत की जानकारी समय रहते मिले। यदि जागरूकता अभियान प्रभावी नहीं हुआ तो मतदान के दिन भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बिहार में पंचायतें केवल स्थानीय निकाय नहीं हैं, बल्कि अनेक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रमुख इकाई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, नल-जल, सड़क, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का बड़ा हिस्सा पंचायत स्तर से संचालित होता है। यदि पंचायतों का पुनर्गठन होता है तो विकास योजनाओं की प्राथमिकताएं भी बदल सकती हैं। नई पंचायत बनने पर सड़क, भवन, पंचायत सरकार भवन और प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता उत्पन्न होगी। वहीं बड़ी पंचायतों को विभाजित करने से संसाधनों का वितरण नए तरीके से करना पड़ेगा। इस दृष्टि से परिसीमन केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि विकास प्रशासन का भी बड़ा निर्णय है। सरकार के सामने चुनौती होगी कि नई सीमाओं के अनुसार योजनाओं का पुनर्संतुलन समय पर किया जाए ताकि किसी क्षेत्र का विकास प्रभावित न हो। परिसीमन जितना महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी पारदर्शिता भी है। यदि लोगों को यह विश्वास होगा कि सीमाओं का निर्धारण निष्पक्ष तरीके से हुआ है, तो चुनावी प्रक्रिया पर उनका भरोसा मजबूत होगा। लेकिन यदि किसी गांव या वार्ड को राजनीतिक लाभ के लिए जोड़े या हटाए जाने की आशंका पैदा होती है, तो विवाद बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए प्रशासन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक पंचायत का प्रारूप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो, दावा–आपत्ति की प्रक्रिया सरल हो और हर निर्णय का स्पष्ट आधार बताया जाए। ग्रामीण लोकतंत्र की मजबूती केवल मतदान से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण प्रक्रिया से सुनिश्चित होती है। सूबे के कई जिलों में संभावित परिसीमन को लेकर सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो चुकी हैं। गांवों में बैठकें हो रही हैं, जनप्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ नई सीमाओं का अध्ययन कर रहे हैं और कई स्थानों पर लोग पंचायत मुख्यालय को लेकर अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। यह स्थिति बताती है कि पंचायत चुनाव ग्रामीण समाज में कितनी गहरी राजनीतिक चेतना पैदा करता है। विधानसभा या लोकसभा चुनाव की तुलना में पंचायत चुनाव का प्रभाव अधिक व्यक्तिगत होता है क्योंकि उम्मीदवार और मतदाता एक-दूसरे को प्रत्यक्ष रूप से जानते हैं। इसलिए सीमाओं में छोटा सा बदलाव भी चुनावी परिणाम बदल सकता है। सबसे बड़ा प्रश्न अब भी यही है कि क्या पंचायत चुनाव समय पर होंगे। यदि परिसीमन की सभी कानूनी प्रक्रियाएं निर्धारित समय में पूरी हो जाती हैं तो चुनाव तय समय पर कराए जा सकते हैं। लेकिन यदि दावा–आपत्ति, अंतिम सीमांकन और आरक्षण निर्धारण में विलंब होता है, तो निर्वाचन कार्यक्रम आगे बढ़ सकता है। इसलिए चुनाव की तिथि से अधिक महत्वपूर्ण परिसीमन की प्रगति है। बिहार पंचायत चुनाव 2026 ग्रामीण लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। परिसीमन आवश्यक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। यह समान प्रतिनिधित्व, संतुलित प्रशासन और जनसंख्या के अनुरूप पंचायतों के गठन का अवसर देता है, लेकिन साथ ही यह राजनीतिक समीकरण, आरक्षण और चुनावी तैयारी को पूरी तरह बदल देता है। सरकार की मंशा समय पर चुनाव कराने की हो सकती है, किंतु लोकतंत्र की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करेगी कि परिसीमन की प्रक्रिया कितनी निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध रहती है। अंततः पंचायत लोकतंत्र की असली ताकत गांव की जनता है, और वही तय करेगी कि बदलती सीमाओं के बीच उसका प्रतिनिधि कौन होगा और विकास की दिशा किस ओर जाएगी।

**(लेखक -बॉर्डर न्यूज मिरर(द्विभाषिक अखबार) में सब-एडिटर हैं)**

# आजादी की कीमत: विस्थापन का दर्द और सीख

चौदह अगस्त की तारीख भारतीय इतिहास के पन्नों में केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी गहरी खरोंच है जो समय की धूल के नीचे आज भी महसूस की जा सकती है। जब पूरा देश आजादी की भोर का स्वागत करने के लिए उत्सुक था, ठीक उसी समय लाखों-करोड़ों लोग अपनी सदियों पुरानी जड़ों से उखाड़े जा रहे थे। इतिहास में दर्ज यह त्रासदी केवल दो राजनीतिक सीमाओं का निर्धारण नहीं थी, बल्कि यह इंसानी रिश्तों, साझी संस्कृति और सदियों पुरानी बस्तियों का निर्मम बंटवारा था। इस विस्थापन का दर्द इतना गहरा था कि जिसने अपनी आंखों से इसे देखा, उसकी रूह ताउम्र कांपती रही। आजादी की चमक के पीछे छिपा यह वह अंधकार है, जिसे याद करना किसी पुरानी पीड़ा को कुरेदना नहीं, बल्कि इतिहास की उस सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी से सबक लेना है।

इतिहास गवाह है कि जब नक्शे पर एक रेखा खींची गई, तो उसने केवल जमीन को दो हिस्सों में नहीं बांटा, बल्कि इंसानी वजूद को तहस-नहस कर दिया। रातों-रात लोग अपने ही घर में बेगाने हो गए। जिन गलियों में उन्होंने अपना बचपन बिताया था, जिन आंगनों में पीढ़ियों की सांसें बसी थीं, वे अचानक उनके लिए बेगाने और अनजान बन गए। अपने घरों की चाबियां जेबों में रखकर इस उम्मीद के साथ निकले लोग कि स्थिति सामान्य होते ही वे लौट आएंगे, फिर कभी वापस नहीं जा सके। ट्रेनों की छतों पर लदे, तपती धूप में धूल उड़ाते काफ़िलों में पैदल चलते लाखों पुरुष, महिलाएं और बच्चे सिर्फ एक सुरक्षित ठिकाने की तलाश में थे। रास्ते में मिली अंतहीन हिंसा, भूख, प्यास और अपनों को खोने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने इंसानियत के माथे पर एक ऐसा कलंक लगा दिया जो कभी धोया नहीं जा सकता। विस्थापन का यह दर्द केवल भौतिक संपत्तियों को खोने तक सीमित नहीं था। इसका सबसे भयानक पहलू सांस्कृतिक और



भावनात्मक ताने-बाने का टूटना था। जिस पंजाब और बंगाल की पहचान अपनी साझा साझी विरासत, सूफी संगीत और भाईचारे से थी, वहां नफरत की ऐसी आग भड़की जिसने सदियों पुराने मेलजोल को पल भर में भस्म कर दिया। जो पड़ोसी कल तक एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी थे, वे परिस्थितियों के दबाव और उन्माद में एक-दूसरे के आमने-सामने आ खड़े हुए। औरतों और बच्चों को इस बर्बरता का सबसे बड़ा शिकार बनना पड़ा। शरणार्थी शिविरों की नारकीय स्थिति में अपनी गरिमा और पहचान को बचाए रखने का संघर्ष एक अलग तरह की त्रासदी थी, जिसने कई पीढ़ियों के मानस को गहरे से प्रभावित किया।

लेकिन भारतीय चेतना की असली ताकत इस बात में थी कि इस अभूतपूर्व विनाश और विस्थापन के बाद भी देश ने हार नहीं मानी। शरणार्थी बनकर आए लाखों लोगों ने अपनी मेहनत, आत्मसम्मान और जिजीविषा के बल पर फिर से शून्य से अपनी दुनिया बसाई। उन्होंने भीख मांगने के बजाय हाड़-तोड़ मेहनत को चुना। खाली हाथों से शुरू करके उद्योग, व्यापार, शिक्षा और कला के क्षेत्रों में भारत को पुनर्निर्मित करने में अपना अमूल्य योगदान दिया। पंजाब से लेकर दिल्ली और बंगाल से लेकर असम तक, शरणार्थियों की इस नई पीढ़ी ने यह साबित किया कि जमीन भले ही छिन जाए, लेकिन इंसान का साहस और उसकी कर्मठता उससे कोई नहीं छीन सकता। आज जब हम आजादी के दशकों बाद एक सशक्त और आधुनिक भारत के रूप में दुनिया के सामने खड़े हैं, तो इस विस्थापन के दर्द को याद रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यह याद हमें यह सिखाती है कि किसी भी देश के लिए उसकी शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारा कितना अमूल्य है। राजनीतिक मतभेद, सांप्रदायिक उन्माद और नफरत की राजनीति किसी भी समाज को किस हद तक तबाही के मुहाने पर ला सकती है, बंटवारे का इतिहास इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। आजादी की कीमत केवल उन वीर शहीदों के बलिदान तक सीमित नहीं है जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि इसमें उन लाखों गुमनाम लोगों का खून-पसीना और बहते आंसू भी शामिल हैं जिन्होंने इस देश की नींव में अपने उजड़े हुए सपनों को दफन कर दिया।वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को यह समझना होगा कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ढाल है। जब भी कोई ताकत इस देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास करे, तो हमें इतिहास के इस काले अध्याय को याद करना चाहिए। बंटवारे से मिली सबसे बड़ी सीख यही है कि नफरत की फसल हमेशा तबाही ही काटती है, जबकि प्रेम, सहनशीलता और भाईचारा ही किसी राष्ट्र को अमर बनाते हैं। इतिहास को दोहराने से रोकने का एकमात्र तरीका यही है कि हम अपनी सीमाओं के भीतर सद्भाव की जड़ों को इतना गहरा कर लें कि कोई भी नफरत की हवा उसे हिला न सके। आजादी के जश्न के बीच विभाजन के इस दर्द को नमन करना दरअसल उन लाखों आत्माओं को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने भारत के निर्माण के लिए अकल्पनीय कष्ट सहे। यह दिवस हमें बार-बार यह याद दिलाता रहेगा कि भारत की आजादी जितनी महान है, उसकी रक्षा और देश की अखंडता को बनाए रखने की हमारी जिम्मेदारी उतनी ही बड़ी है।

(लेखक स्वतंत्र विचारजक एवं सामाजिक/ऐतिहासिक मामलों के विश्लेषक हैं।)




मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा और आपको धन लाभ के नए सोर्स भी नजर आ सकते हैं। आज आपको रोजगार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। शुभ अंक – 1

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज बेटे की सफलता से घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज आपका दांपत्य जीवन सौहार्द से भरा रहेगा, आप जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। शुभ अंक – 2

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आज आपके दैनिक जीवन की गतिविधियाँ अच्छी चलेंगी। आज आपका झुकाव अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। आज आप परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। शुभ अंक – 4

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काम मन मुताबिक होगा। आज मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज आप भाई बहनों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे, सबके साथ अच्छे से इंजॉय करेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। शुभ अंक – 7

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स आज अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। आज किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जायेगा। शुभ अंक – 1

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। आज आपको ऑफिशियल पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप जितनी मेहनत करेंगे। शुभ अंक – 3

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। आज वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। आज आप व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए अपने बिजनेस पार्टनर के साथ मीटिंग कर सकते हैं। शुभ अंक – 4

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको अच्छा लाभ होगा। आज नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। आज पारिवारिक सुख सौहार्द बना रहेगा और संतान से सुख मिलेगा। शुभ अंक – 8

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी और आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। शुभ अंक – 2

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिये आज का दिन अनुकूल है। आज आपको बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा लेकिन रोजमर्रा के कामों में आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। शुभ अंक – 1

कुम्भ राशिःकुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज अचानक आपके घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। आज आप जो भी काम करने की सोचेंगे, पॉजिटिव नजरिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त मिलेंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। आज आप किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे व्यक्तियों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। शुभ अंक – 2

# विजन 2047 की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़: उद्योगों से आत्मनिर्भर और समृद्ध भविष्य की नई पहल

छगन लाल लोन्हारे

छत्तीसगढ़ आज औद्योगिक विकास के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास का उद्देश्य केवल नए उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि रोजगार, निवेश, आधुनिक तकनीक और क्षेत्रीय संतुलन के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए पारदर्शी, निवेश-अनुकूल और रोजगारोन्मुख वातावरण तैयार किया है। वहीं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्शन में नई औद्योगिक नीतियों ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है और छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों की कतार में खड़ा करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। 25 जून 2026 में टेक्सटाइल पार्क की पहली यूनिट का किया भूमिपूजनः वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने 25 जून 2026 में टेक्सटाइल पार्क की पहली यूनिट का भूमिपूजन किया। तमिलनाडु की स्विफ्ट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड 235 करोड़ रुपए के निवेश से यहां गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगा रही है। इस यूनिट से 4650 लोगों को रोजगार मिलेगा। टेक्सटाइल और गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश-विदेश में नई पहचान दिलाने यह अहम कदम है। प्रदेश में 3,009 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं, जिनसे 50,807 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार बीते ढाई वर्षों में राज्य को 264 औद्योगिक परियोजनाओं से लगभग 8.22 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे 1.72 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। इनमें से 154 परियोजनाएं निर्माण, भूमि आवंटन अथवा उत्पादन के चरण तक पहुंच चुकी हैं, जबकि कई इकाइयां पहले ही उत्पादन प्रारंभ कर चुकी हैं। इसी अवधि में प्रदेश में 3,009 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं, जिनसे 50,807 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला। यह दर्शाता है कि सरकार की औद्योगिक नीतियां केवल कागज़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि धरातल पर परिणाम दे रही हैं। विनिर्माण इकाइयों को 100 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र को 150 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन : राज्य सरकार द्वारा लागू औद्योगिक विकास नीति 2024-30 ने उद्योगों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। विनिर्माण इकाइयों को 100 प्रतिशत



तथा सेवा क्षेत्र को 150 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन, एमएसएमई और सेवा उद्योगों को पहली बार विशेष लाभ, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फार्मा जैसे भविष्य के क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज तथा स्थानीय युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान इस नीति की प्रमुख विशेषताएं हैं। यही कारण है कि नवा रायपुर में देश का पहला एआई डेटा सेंटर एसईजेड और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश जैसी बड़ी पहलें आकार ले रही हैं।

ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। 150 से अधिक सेवाओं वाला नया सिंगल विंडो सिस्टम, निवेशकों के लिए एआई आधारित वाणी प्रणाली, 500 से अधिक प्रशासनिक सुधार तथा प्रक्रियाओं का सरलीकरण निवेशकों के लिए बेहतर माहौल तैयार कर रहा है। औद्योगिक विकास का लाभ प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचे, इसके लिए राज्य में 23 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए तथा 15 जिलों में 26 नए औद्योगिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सरोरा में प्लास्टिक पार्क और नवा रायपुर में टेक्सटाइल, फार्मा एवं रेडीमेड गारमेंट पार्क जैसे प्रयास औद्योगिक आधार को और मजबूत बना रहे हैं। सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक रोजगार सृजित करना और निवेश को तेजी से धरातल पर उतारनाः हाल ही में विजन 2047 औद्योगिक विकास की संभावनाएं विषयक चर्चा में उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक रोजगार सृजित करना और निवेश को तेजी से धरातल पर उतारना है, ताकि स्थानीय युवाओं को अधिकतम अवसर मिल सकें। आने वाले वर्षों के लिए सरकार निर्यात नीति, स्टार्टअप एवं नवाचार नीति, कौशल विकास, इंटर्नशिप, एमएसएमई सशक्तिकरण और बस्तर-सरगुजा जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, प्रदेश के युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनाना है। छत्तीसगढ़ के इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम और बिजऩेस-फ्रेंडली माहौल में निवेशकों के बढ़ते भरोसेःराज्य में नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद पिछले 18 महीनों में 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश का वादा मिला है, जिससे अलग-अलग सेक्टर में 1.6 लाख से ज़्यादा रोजग़ार के अवसर पैदा होने की संभावना है। टेक्सटाइल और कपड़ों के अलावा, राज्य ने डेटा सेंटर, आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भी बड़े निवेश आकर्षित किए हैं। यह छत्तीसगढ़ के इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम और बिजऩेस-फ्रेंडली माहौल में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। नवा रायपुर में आधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापनाः राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग को प्रोत्साहित करने नवा रायपुर में आधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जा रही है। इसके 81 एकड़ क्षेत्र में 2758 वर्गमीटर से लेकर 38 हजार 180 वर्गमीटर आकार के भूखंड उपलब्ध हैं। टेक्सटाइल, गारमेंट एवं परिधान उद्योग, तकनीकी वस्त्र (ज्मबीदपबंस ज्मगजपसमे) तथा इनके सहायक एवं पूरक उद्योगों की स्थापना के लिए निवेशकों को यहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रदेश आज उद्योगों की नई उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयारः विजन 2047 की दिशा में छत्तीसगढ़ का यह औद्योगिक अभियान केवल आर्थिक विकास की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण है जहां निवेश, नवाचार, रोजगार और समावेशी विकास मिलकर आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रख रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से प्रदेश आज उद्योगों की नई उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# डार्विन टेस्ट : तंजीद के शतक और शांतो के अर्धशतक से बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया पर ली 153 रन की बढ़त

**एजेंसी, डार्विन**

तंजीद हसन तमीम के शानदार पहले टेस्ट शतक और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो की संयमित 84 रन की पारी के दम पर बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डार्विन टेस्ट के दूसरे दिन अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने छह विकेट पर 351 रन बना लिए हैं और पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया पर 153 रन की बढ़त हासिल कर ली है। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 198 रन पर समेटने के बाद बांग्लादेश ने दूसरे दिन 96/1 से आगे खेलना शुरू किया। मोमिनुल हक और तंजीद हसन ने शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का डटकर सामना किया। धीमी पिच पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने लगातार हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। जोश हेजलवुड ने मोमिनुल



हक को 49 रन पर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। मोमिनुल ने 95 गेंदों का सामना किया और अर्धशतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए। इसके बाद तंजीद ने कप्तान शांतो के साथ पारी को आगे बढ़ाया। तंजीद ने लगातार आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया और फिर नाथन लियोन की गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया। तंजीद ने 197 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। वह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट शतक लगाने वाले पहले बांग्लादेशी बल्लेबाज बन गए। शांतो के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। तंजीद के आउट होने के बाद शांतो ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने पहले अर्धशतक पूरा किया और फिर 80 रन के आंकड़े को पार किया। मुशफिकुर रहीम के साथ उनकी 66 रन की साझेदारी ने बांग्लादेश की बढ़त को 100 रन के पार पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट पारी में बांग्लादेश की ओर से तीन 50 से अधिक रन की साझेदारियां सिर्फ चौथी बार बनीं। इससे पहले ऐसा आखिरी बार 2006 में हुआ था। दूसरी नई गेंद मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने कुछ वापसी की। हेजलवुड ने शांतो को 84 रन पर स्टीव स्मिथ के हाथों दूसरी स्लिप में कैच कराया। इसके बाद मिशेल स्टार्क ने लिटन दास को खाता खोले बिना स्मिथ के हाथों कैच कराया। पैट कमिंस ने मुशफिकुर रहीम को 36 रन पर आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। बांग्लादेश ने 11 रन के अंदर तीन विकेट गंवाए, लेकिन तब तक टीम बड़ी बढ़त हासिल कर चुकी थी।

## एशिया कप से पहले खुद को परख रही दीप्ति बोलीं- द हंड्रेड से तैयारी मजबूत करने का मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा आगामी महिला एशिया कप में पूरी तैयारी के साथ उतरने के लिए द हंड्रेड-2026 को महत्वपूर्ण मंच के तौर पर इस्तेमाल कर रही हैं। सनराइजर्स लीड्स विमेंस के लिए गेंद और क्षेत्ररक्षण में प्रभावी प्रदर्शन कर रहीं दीप्ति का लक्ष्य इस टूर्नामेंट में हर मौके का अधिकतम फायदा उठाकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वह द हंड्रेड में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हैं, ताकि 28 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में पूरी तरह तैयार होकर उतर सकें। दीप्ति ने जियोस्टार से बातचीत में कहा, "महिला




चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अभी कुछ समय बाकी है, जो फरवरी 2027 में खेली जाएगी। इसलिए फिलहाल मेरा ध्यान द हंड्रेड पर है। महिला एशिया कप 28 अगस्त से शुरू हो रहा है और यह भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।" उन्होंने कहा, "द हंड्रेड में खेलना मुझे बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में अपनी क्षमताओं पर काम करने का शानदार अवसर दे रहा है। मैं इस टूर्नामेंट का अधिक से अधिक फायदा उठाने की कोशिश कर रही हूं, ताकि एशिया कप में पूरी तैयारी के साथ उतर सकूं। मैं सनराइजर्स लीड्स के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और इससे मुझे एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी तथा लंबे समय में टीम को भी फायदा होगा।" सनराइजर्स लीड्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित दीप्ति ने कहा, "जब मुझे सनराइजर्स लीड्स के लिए चुना गया तो मैं बहुत उत्साहित थी, क्योंकि नारंगी मेरा पसंदीदा रंग है। इसलिए जब भी मैं नारंगी रंग देखती हूं तो हमेशा अच्छा महसूस होता है। यहां लीड्स में अपने घरेलू मैदान पर खेलना खास है। मैदान सनराइजर्स के प्रशंसकों से भरा रहता है और मैं जहां भी देखती हूं, मुझे नारंगी ही नजर आता है।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि प्रशंसक भी हमें घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करते देखकर आनंद ले रहे होंगे। एक टीम के रूप में हम एक-दूसरे के योगदान की वास्तव में सराहना करते हैं, चाहे वह अच्छी पारी हो या कसी हुई गेंदबाजी। हम एक समूह के रूप में इसका आनंद ले रहे हैं। हम इन अनुभवों से जितना अधिक सीखेंगे, हमारे लिए उतना ही बेहतर होगा।"

## फीबा अंडर-18 एशिया कप : ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और बहरीन की जीत से शुरुआत

**एजेंसी, अहमदाबाद**


गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) अंडर-18 एशिया कप 2026 में गुरुवार को धमाकेदार अंदाज में अपने अभियान की शुरुआत की। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने थाईलैंड को 102-32 से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए याह्या बसरान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 अंक बनाए। वहीं, थाईलैंड की ओर से अपिराच बूनस्रांग ने सर्वाधिक सात अंक जुटाए। दिन के दूसरे मुकाबले में फिलीपींस ने चीनी ताइपे को बेहद



रोमांचक मुकाबले में 89-88 से हराया। फिलीपींस ने दूसरे क्वार्टर की समाप्ति तक 53-29 की मजबूत बढ़त बना ली थी, लेकिन चीनी ताइपे ने अंतिम दो क्वार्टर में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। हालांकि, वह एक अंक से जीत से चूक गया। चीनी ताइपे के जिया-हान हुआंग ने 28 अंक के साथ मैच में सर्वाधिक स्कोर किया। फिलीपींस के लिए जान बेनेट कैगुरुंगन ने 22 अंक बनाए। लियू टिंग-कुआन और हुआंग जिया-हान ने भी क्रमशः 21 और 15 अंक का योगदान दिया। न्यूजीलैंड को सीरिया के खिलाफ 67-58 की जीत दर्ज करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जैक्सन बॉल ने न्यूजीलैंड के लिए 19 अंक बनाए, जबकि अराना रॉबर्टसन ने 11 अंक का योगदान दिया। दोनों खिलाड़ियों ने चौथे क्वार्टर में टीम को संभाला, जब सीरिया ने 60-45 के अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी की कोशिश की।

## द्रविड़ के ये रिकार्ड तोड़ना किसी भी क्रिकेटर के लिए हैं असंभव

**एजेंसी, मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट में कई महान खिलाड़ी हुए पर पूर्व कप्तान और भरोसेमंद बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के नाम कुछ ऐसे



अनूठे रिकार्ड हैं जिन्हें आज तक कोई नहीं तोड़ पाया है। ये ऐसे रिकार्ड हैं जिन्हें तोड़ना आधुनिक युग के बल्लेबाजों के लिए असंभव सा नजर आता है। द्रविड़ अपनी बेजोड़ तकनीक, अटूट एकाग्रता और मजबूत इरादों के बल पर वे विरोधी टीमों के सामने एक ऐसी दीवार बनकर खड़े हो जाते थे जिसे भेद पाना लगभग असंभव था। द्रविड़ ने अपने करियर में 3 ऐसे रिकॉर्ड बनाये हैं जिनका टूटना तो दूर, शायद पास पहुंचना भी नामुमकिन है। द्रविड़ ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 500 से अधिक मुकाबले खेले। उन्होंने अपने करियर के दौरान कुल 31,258 गेंदों का सामना किया। लाल गेंद क्रिकेट के इतिहास में इतनी गेंदें किसी भी अन्य बल्लेबाज ने नहीं खेली हैं, इस सूची में महान सचिन तेंदुलकर भी उनसे पीछे हैं, जिन्होंने अपने करियर में 29,437 गेंदें खेली थीं।

## डीपीएलः आखिरी ओवर में पलटा मैच, पुरानी दिल्ली 6 ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पुरानी दिल्ली 6 ने शानदार जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में गुरुवार देर रात नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया। पुरानी दिल्ली 6 ने 187 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को आखिरी ओवर में हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने कप्तान सार्थक रंजन और यश भाटिया के शानदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में 186 रन बनाए। टीम की शुरुआत संभली हुई रही। रंजन और वैभव



कंडपाल ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। कंडपाल 11 गेंदों पर 14 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद यश भाटिया क्रीज पर आए। रंजन और भाटिया ने इसके बाद पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। रंजन ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 37 गेंदों पर 59 रन बनाए, जबकि भाटिया ने भी 41 गेंदों में 59 रन की पारी खेली। अंतिम ओवरों में यश डबास ने 22 गेंदों पर 36 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम का स्कोर 186/6 तक पहुंचाया। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली 6 की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम 53 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में फंस गई। इसके बाद अश्विनी चिल्लर और ललित यादव ने शानदार वापसी कराई। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 105 रन की बेहतरीन साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। ललित यादव ने 41 गेंदों पर 64 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

# बिजनेस

## स्टॉक मार्केट में ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट की मामूली बढ़त के साथ शुरुआत, फायदे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल-खेल में, द डिप्लोमैट, ओएमजी 2 जैसी फिल्मों के साथ ही कॉमेडी सर्कस, क्राइम पेट्रोल, बालवीर, सजन रे झूठ मत बोलो, लेडीज स्पेशल, सास बिना ससुराल, कॉमेडी नाइट्स जैसे टीवी शो प्रोड्यूस कर चुकी बॉलीवुड प्रोड्यूसर विपुल डी शाह की प्रोडक्शन कंपनी ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 175 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 2.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 180 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर के लिए 184 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। हालांकि बाद में बिकवाली का दबाव बनने पर इस शेयर के भाव में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी



के शेयर 176.15 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 1.15 रुपये यानी 0.66 प्रतिशत के फायदे में थे। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया का 108.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 7 से 11 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.72 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.34 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.23 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 62 लाख शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 88 करोड़ रुपये के 50 लाख नए शेयर जारी किये जा रहे हैं, जबकि 20.50 करोड़ रुपये के 12 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 6.69 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 17.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 24.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 54.99 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 125.07 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 135.89 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदा कर्ज का बोझ भी पूरी तरह से खत्म हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर नौ लाख रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में भुगतान कर दिए जाने की वजह से खत्म हो गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 तक यह कंपनी पूरी तरह से कर्जमुक्त थी। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में ये 59.66 करोड़ रुपये के स्तर पर था। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेटवर्थ बढ़ कर 97.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में ये 131.47 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें तो इस अवधि में कंपनी इस मोर्चे पर भी बढ़त हासिल करने में सफल रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में ये कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 59.30 करोड़ रुपये के स्तर पर था। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस उछल कर 96.65 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 113.20 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सौ लाभार्थी स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे विशेष अतिथि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 100 लाभार्थियों को 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। ये लाभार्थी अपने जीवनसाथी या सहयोगी के साथ राष्ट्रीय समारोह में शामिल होंगे। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया है कि इन विशेष अतिथियों में अलग-अलग पारंपरिक व्यवसायों से जुड़ी महिला शिल्पकार भी शामिल हैं। यह उनके आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार में बढ़ती भागीदारी और देश की समृद्ध शिल्पकला व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को मजबूती प्रदान करने में इस योजना के योगदान को दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों का सम्मान और सराहना स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए जाएंगे। 14 अगस्त को नई दिल्ली स्थित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के



अधिकारियों के साथ एक संवाद होगा, जिसमें देश के पारंपरिक शिल्प और सांस्कृतिक विरासत में योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना केंद्र सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्पों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ने में मदद करना है। इस योजना के अंतर्गत कौशल उन्नयन, आधुनिक उपकरण, वित्तीय सहायता, डिजिटल सशक्तिकरण और बाजार संपर्कों के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है, जिसका लक्ष्य कारीगरों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, पारंपरिक शिल्पों को सशक्त करना और स्थायी आजीविका सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत 30 लाख पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को पंजीकृत किया गया है। यह आमंत्रित लाभार्थी पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आने वाले 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े हुए हैं। इनमें दर्जी, बढ़ई, सुनार, लोहार, ताला बनाने वाले कारीगर सहित कई अन्य पेशे शामिल हैं। आमंत्रित लाभार्थियों ने योजना के तहत पंजीकरण, बुनियादी कौशल प्रशिक्षण और टूलकिट की उपलब्धता सहित विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाया है और योजना के अंतर्गत उपलब्ध अन्य सहायता लाभों भी उन्हें मिला है। पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को विशेष अतिथि के तौर पर बुलाना भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के योगदान को सम्मान देने का एक अवसर है। लालकिला में उनकी मौजूदगी उन्हें स्वतंत्रता दिवस के शानदार आयोजन का साक्षी बनने और इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय उत्सव का हिस्सा बनने का मौका देगी।

## लीप इंडिया ने निवेशकों को किया निराश, स्टॉक मार्केट में मामूली मजबूती के साथ शुरुआत करने के बाद लुढ़के शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल इनवेस्टमेंट फर्म केकेआर की स्वामित्व वाली कंपनी लीप इंडिया लिमिटेड के शेयर आज स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत करने के बाद बिकवाली के चक्कर में फंस गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 159 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 4.40 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 166 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 4.34 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 165.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 167 रुपये के स्तर पर आ गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इसने 146.25




रुपये के स्तर तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 11:30 तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 148.20 रुपये के स्तर पर बने हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 10.80 रुपये यानी 10.80 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। इस कंपनी का 2,480 करोड़ रुपये का आईपीओ सात से 11 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 8.82 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 17.73 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 13.31 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.81 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 15,59,74,841 शेयर जारी किए गए हैं। इनमें लगभग 480 हजार करोड़ रुपये के 3,01,88,679 नए शेयर जारी किए गए हैं।

## स्काईवेज एयर सर्विसेज का आईपीओ 24 अगस्त को खुलेगा, प्राइस बैंड 131-138 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । स्काईवेज एयर सर्विसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 अगस्त को खुलेगा। निवेशक इसमें निवेश के लिए निवेशक 27 अगस्त तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 131-138 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसमें बड़े (एंकर) निवेशक 21 अगस्त को निवेश के लिए बोली लगा पाएंगे। स्काईवेज एयर सर्विसेज लिमिटेड के अनुसार 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस इश्यू में निवेशक कम से कम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इस कंपनी के शेयर 1 सितंबर, 2026 को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। हवाई माल ढुलाई कंपनी स्काईवेज एयर सर्विसेज लिमिटेड का लक्ष्य इस आईपीओ के जरिए 583 करोड़ रुपये जुटाने का है। कंपनी ने बताया कि आईपीओ में 2.89 करोड़ नए शेयर और 1.33 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी की सार्वजनिक घोषणा के मुताबिक मूल्य दायरे के निचले स्तर पर इस निर्गम का आकार 553 करोड़ रुपये और ऊपरी स्तर पर 583 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। नए शेयर के निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने, कंपनी की अतिरिक्त कार्यशील पूंजी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और कंपनी के सामान्य कामकाज के लिए किया जाएगा।

## थोक महंगाई दर जुलाई में मामूली घटकर 9.78 फीसदी पर आई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईंधन एवं बिजली तथा खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच थोक महंगाई दर जुलाई में मामूली घटकर 9.78 फीसदी रह गई, जबकि जून में यह 9.87 फीसदी थी। देश की थोक महंगाई दर लगातार तीसरे महीने 9 फीसदी से ऊपर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मासिक आधार पर जारी आंकड़ों में बताया कि जुलाई माह में खनिज तेल (पेट्रोलियम उत्पादों सहित), खाद्य वस्तुएं, बुनियादी धातुओं का विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, खाद्य उत्पादों का विनिर्माण तथा रसायनों एवं रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण थोक मुद्रास्फीति के प्रमुख कारक रहें। आंकड़ों के मुताबिक



ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में थोक महंगाई जुलाई में घटकर 20.05 फीसदी हो गई, जो जून में 27.41 फीसदी थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई में घटकर 5.44 फीसदी रही, जबकि जून में यह 5.49 फीसदी रही थी। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई जुलाई में बढ़कर 8.29 फीसदी हो गई, जो जून में 7.48 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के नए आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के तहत पहली बार महंगाई में मासिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई है। मंत्रालय के अुनसार पश्चिम एशिया संकट और इसके कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी अवरोध से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल तथा उर्वरक की लागत बढ़ी, जिसका असर खाद्य कीमतों पर भी पड़ा। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण देश की खुदरा महंगाई दर जुलाई में बढ़कर 4.45 फीसदी हो गई, जो जून में 4.38 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने इस महीने की शुरुआत में अपनी समीक्षा बैठक में नीतिगत दरों रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत रखा था।

# अक्षय कुमार सामुक की शूटिंग के लिए तैयार, ला रहे भारत की पहली एलियन थ्रिलर फिल्म



**यहाँ दी गई खबर का लगभग 100 शब्दों में संक्षिप्त रूप**

अक्षय कुमार भारत की पहली एलियन थ्रिलर फिल्म 'सामुक' के लिए तैयार हैं, जिसका निर्माण विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं। 'आँखें' और 'नमस्ते लंदन' जैसी हिट फिल्मों के बाद यह जोड़ी लंबे समय बाद फिर साथ आ रही है। कनिष्क वर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग 23 अगस्त से लंदन में शुरू होगी, जहाँ इसका 90% हिस्सा फिल्माया जाएगा, जबकि बाकी काम मुंबई में होगा। अक्षय फिल्म में एक अनोखे अवतार में नज़र आएँगे। हॉलीवुड स्तर का एक्शन देने के लिए पूर्व रॉयल मरीन कमांडो ल्यूक टंबर को बतौर स्टंट को-ऑर्डिनेटर जोड़ा गया है। यह थ्रिलर फिल्म 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

अ अक्षय कुमार भारत की पहली एलियन थ्रिलर फिल्म सामुक के लिए कमर कस चुके हैं। इस फिल्म के निर्माण की जिम्मेदारी विपुल अमृतलाल शाह ने संभाली है, जो पूर्व में द केरल स्टोरी और गर्वनर जैसी फिल्में देकर चर्चा बटोर चुके हैं। आंखें, नमस्ते लंदन और सिंह इज किंग जैसी फिल्मों के बाद अक्षय और विपुल की जोड़ी लंबे समय बाद फिर साथ आ रही है। ताजा अपडेट है कि अभिनेता जल्द ही सामुक की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता आगामी एलियन थ्रिलर फिल्म के लिए लंदन में शूटिंग शुरू करेंगे। इसी महीने 23 अगस्त से शूटिंग मुख्य रूप से शुरू हो जाएगी और 90 प्रतिशत निर्माण कार्य लंदन में ही पूरा होगा, जबकि अन्य हिस्सा मुंबई में फिल्माया जाएगा। निर्देशन की कमान कनिष्क वर्मा को सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि सामुक में अक्षय बिलकुल अलग तरह के अवतार में दिखाई देंगे, जो उनके फैंस ने पहले कभी नहीं देखा होगा। सामुक को थिएटर फिल्म के रूप में विकसित किया जा रहा है और इसके 2027 में रिलीज होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता इस फिल्म को हॉलीवुड स्तर का बनाना चाहते हैं, इसलिए परियोजना में अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के 2 दिग्गजों को भी शामिल किया गया है। ये दिग्गज पूर्व रॉयल मरीन कमांडो और स्टंट को-ऑर्डिनेटर ल्यूक टंबर हैं, जो वेनम, स्टार वॉर्स और मिशन इम्पॉसिबल जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं।




# सनी देओल के अभिनय को देखकर खामोश हो जाता था पूरा सेट कनिका कपूर ने साझा किया अनुभव

बॉ बॉलीवुड में कदम रखने जा रहीं अभिनेत्री कनिका कपूर इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म बटवारा 1947 को लेकर चर्चा में हैं। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1947 के भारत विभाजन की कहानी और उस दौर में लोगों की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में कनिका कपूर के साथ करण देओल, अली फजल, शबाना आजमी और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को लेकर कनिका काफी उत्साहित हैं और शूटिंग से जुड़ी यादों को साझा किया। इसी दौरान उन्होंने सनी देओल और प्रीति जिंटा के साथ जुड़े ऐसे अनुभव बताए, जो उनके लिए हमेशा खास रहेंगे। कनिका कपूर ने कहा, जब मैं राजवीर की डेब्यू फिल्म दोनों में काम कर रही थीं, तब मुझे सनी देओल से मिलने का अवसर मिला। वह हमेशा बेहद शालीनता से पेश आते थे। उनके साथ मुलाकात और सेट पर उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए बेहद यादगार अनुभव रहा। सनी देओल के अभिनय को याद करते हुए कनिका ने कहा, मुझे याद है कि एक-दो सीन्स में मेरा छोटा-सा हिस्सा था। मैं बैठकर उन्हें अभिनय करते हुए देखा करती थी। जिस तरह से वह अपने डायलॉग्स बोलते थे, वह देखने लायक था। वह एक डायलॉग बोलते और पूरा सेट खामोश हो जाता था। हर टेक के बाद लोग तालियां बजाते थे। उन्हें अभिनय करते देखना अपने आप में एक शानदार अनुभव था। कनिका ने अपनी डेब्यू फिल्म बटवारा 1947 की शूटिंग से जुड़ी एक भावुक याद भी साझा की। उन्होंने कहा, इस फिल्म में काम करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। शूटिंग के दौरान कई ऐसे पल रहे जिन्हें मैं हमेशा याद रखूंगी, लेकिन करण देओल के साथ किया गया एक लुक टेस्ट मेरे लिए सबसे खास बन गया। कनिका ने कहा, करण देओल के साथ फाइनल लुक टेस्ट के दिन मुझे शूटिंग शुरू होने से पहले ही एक इमोशनल सीन करने के लिए कहा गया। खास बात यह थी कि उस दिन प्रीति जिंटा और सनी देओल भी सेट पर मौजूद थे। डायरेक्टर के कट कहने तक मैं पूरी तरह किरदार में थीं। जैसे ही सीन खत्म हुआ, मेरी आंखों में आंसू थे और मैं लगातार रो रही थीं। मैं किरदार में इस कदर डूब गई थीं कि कैमरे के पीछे क्या हो रहा है, मुझे कुछ पता नहीं था। कनिका ने बताया, तभी मुझे अचानक तालियों की आवाज सुनाई दी। मैंने धुंधली नजरों से देखा, तो सेट पर मौजूद लोग खड़े होकर मेरे लिए तालियां बजा रहे थे, उनमें प्रीति जिंटा का भी चेहरा था। मुझे विश्वास नहीं हुआ, मैंने तुरंत अपने आंसू पोंछे और देखा कि वाकई में प्रीति जिंटा खड़ी होकर मेरे अभिनय की तारीफ कर रही थीं। कनिका ने कहा, वह पल मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैंने प्रीति जिंटा को गले लगाया। उन्होंने मुझसे कहा कि आपने शानदार अभिनय किया। उनकी यह तारीफ मेरे लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि प्रीति जिंटा बचपन से ही मेरी पसंदीदा अभिनेत्री रही हैं। मैंने उनको कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी फिल्मों में देखा है। वह लंबे समय से मेरी आदर्श रही है। ऐसे में उनसे अपने अभिनय की तारीफ सुनना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी।

# सिद्धार्थ बोडके का हंसल मेहता की स्कैम 2010 से पहला लुक आया सामने

हं हंसल मेहता की स्कैम 2010 में सुब्रत रॉय के रूप में सिद्धार्थ बोडके का पहला लुक सामने आ गया है। यह सीरीज जल्द ही सोनी लिव पर आएगी और तमाल बंद्योपाध्याय की किताब सहाराः द अनटोल्ड स्टोरी पर आधारित है। यह हंसल की सुपरहिट स्कैम सीरीज का तीसरा अध्याय है, जिसने स्कैम 1992 और स्कैम 2003 के बाद खूब चर्चा बटोरी थी। स्कैम 2010 विवादास्पद दिवंगत व्यवसायी और सहारा ग्रुप के संस्थापक सुब्रत के जीवन और उनके सफर पर रोशनी डालती है। यह सीरीज दिखाती है कि कैसे उन्होंने 1978 में सहारा इंडिया परिवार की शुरुआत की, एक विशाल बिजनेस एंपायर खड़ा किया, लेकिन बाद में 24 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध उगाही के आरोपों के बाद कैसे उनके साम्राज्य का पतन हुआ। सुप्रीम कोर्ट के मामलों और तिहाड़ जेल में वक्त बिताने के बाद भी सुब्रत कानूनी उलझनों से घिरे रहे। बोडके ने हंसल के साथ काम करने को बेहद रोमांचक अनुभव बताया और कहा, मुझे इस किरदार के व्यक्तित्व की जटिलता और शो का भव्य पैमाना बहुत पसंद आया। उनका जुनून, ताकत, कमियां, उनका उत्थान और फिर पतन, ये सब उन्हें पर्दे पर निभाने के लिए एक बेहद दिलचस्प किरदार बनाते हैं। यह अनुभव मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा है और हंसल जैसे अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में ऐसे गहरे किरदार को निभाने का मौका पाकर मैं बहुत उत्साहित हुं।



## तमाल बंद्योपाध्याय की किताब पर आधारित है सीरीज

यह सीरीज पत्रकार तमाल बंद्योपाध्याय की चर्चित पुस्तक 'सहारा : द अनटोल्ड स्टोरी' पर आधारित है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव (SonyLIV) पर स्ट्रीम की जाएगी। 'स्कैम 2010' सुब्रत रॉय के जीवन, उनके अभूतपूर्व उत्थान और उसके बाद हुए नाटकीय पतन के हर पहलू को गहराई से छुएगी। सीरीज में दिखाया जाएगा कि कैसे सुब्रत रॉय ने साल 1978 में एक बेहद छोटे स्तर से 'सहारा इंडिया परिवार' की नींव रखी और देखते ही देखते देश का एक विशाल बिजनेस साम्राज्य खड़ा कर दिया। हालाँकि, इस विशाल साम्राज्य की चमक तब फीकी पड़ गई जब उन पर 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अवैध धन उगाही के गंभीर आरोप लगे। इसके बाद उन्हें कई कानूनी लड़ाइयों, सुप्रीम कोर्ट के कड़े फैसलों और तिहाड़ जेल के दिनों का सामना करना पड़ा।

# अभिनेता अर्जुन की बहन जाह्नवी कपूर संग दिखी खास बॉन्डिंग

सो सोशल मीडिया के माध्यम से बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने लंदन में बिताए गए पलों की झलकियां शेयर कीं। इंस्टाग्राम पर अर्जुन कपूर ने कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसमें वे बहन जाह्नवी कपूर समेत कई लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। पहली तस्वीर में अर्जुन को एक रेस्टोरेंट में बैठे देखा जा सकता है, जो प्लेटों और ड्रिंक्स से भरी एक टेबल के सामने पोज दे रहे हैं। अगली तस्वीर में एक्टर सूट में नजर आ रहे हैं, जबकि एक अन्य तस्वीर में वे बहन जाह्नवी कपूर के साथ पोज देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। बाकी तस्वीरों में अभिनेता की लंदन डायरीज शामिल हैं। अभिनेता ने पोस्ट शेयर कर लिखा, लंदन की गर्मियों की एक पारी पूरा कर ली।

अभिनेता की पोस्ट को फैंस द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। हालांकि, फैंस ये कयास भी लगा रहे हैं कि अभिनेता की ये पोस्ट लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया बनाम इंग्लैंड ओडीआई मैच के दौरान का है। दरअसल, जान्हवी कपूर और अर्जुन कपूर को हाल ही में लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया बनाम इंग्लैंड ओडीआई देखने के लिए थे। दोनों ने शानदार फॉर्मल लुक में ट्विन किया, जिसमें जान्हवी ने एक रिच चॉकलेट-ब्राउन, डबल-ब्रेस्टेड ब्लेजर चुना। वहीं, अर्जुन कपूर ने गहरे नेवी-ब्लू शेड का सिंगल-ब्रेस्टेड सूट जैकेट पहना था। अर्जुन और जान्हवी के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और उन्हें कई मौकों पर एक-दूसरे को सपोर्ट करते देखा गया है। अर्जुन कपूर और जान्हवी कपूर सौतेले भाई-बहन हैं। फिल्ममेकर बोनी कपूर उनके पिता हैं। अर्जुन, बोनी कपूर और उनकी पहली पत्नी स्वर्गीय मोना शौरी कपूर के बेटे हैं, जबकि जान्हवी बोनी की दूसरी पत्नी दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी हैं। 2018 में जान्हवी की मां श्रीदेवी की मौत के बाद अर्जुन और जान्हवी का रिश्ता और मजबूत हो गया।



# मैं प्राकृतिक तरीके से मां बनने में विश्वास रखती हूंः सुरभि चंदना

से सेलिब्रिटीज के बीच एग्स फ्रीज करने के चलन को लेकर अभिनेत्री सुरभि चंदना ने अपनी एक अलग राय रखी है। एक्ट्रेस सुरभि ने स्पष्ट किया कि हालांकि वह उन सभी महिलाओं का पूरा समर्थन करती हैं जो अपने एग्स फ्रीज करने का निर्णय लेती हैं, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत रूप से ऐसा करने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती। उनका मानना है कि वह चीजों को उनके प्राकृतिक तरीके से ही होने देने में विश्वास रखती हैं, खासकर मातृत्व के संबंध में। नागिन फेम एक्ट्रेस सुरभि से जब इस बढ़ते ट्रेंड के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपनी बड़ी बहन का एक उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने 39 साल की उम्र में बिना किसी मेडिकल मदद के स्वाभाविक रूप से एक बेटे को जन्म दिया था। वह बच्चा अब दो साल का है, और डिलीवरी भी सामान्य थी। यह अनुभव सुरभि के लिए एक प्रेरणा है और उनके प्राकृतिक



दृष्टिकोण का आधार है। उन्होंने बताया, मैं इसमें विश्वास रखती हूं, और जो लोग एग्स फ्रीज करना जरूरी समझते हैं, वह बहुत अच्छी बात है। लेकिन जैसा कि मेरी गायनेकोलॉजिस्ट ने मुझे बताया था, अगर आप ऐसा करती हैं तो बहुत ज्यादा हार्मोनल असंतुलन हो सकता है। सुरभि ने आगे कहा कि उनका मानना है कि हर बच्चा अपनी किस्मत लेकर इस दुनिया में आता है। भविष्य के बारे में अनिश्चितता जताते हुए उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लेकिन मुझे लगता है कि मेरी बहन, जिसकी नौकरी में बहुत ज्यादा ट्रैवल करना पड़ता है और जिसका शरीर बहुत ज्यादा तनाव से गुजरता है, अगर वह नैचुरली बच्चे को जन्म दे सकती है, तो मैं भी नैचुरल तरीका ही अपनाना चाहती हूं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें अभी भी एग्स फ्रीज करने की प्रक्रिया से जुड़े हार्मोनल असंतुलन के संभावित खतरों से थोड़ा डर लगता है। यह डर उनकी प्राकृतिक प्रक्रिया पर भरोसा करने के पीछे एक मुख्य कारण है। अपने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हम कब प्लान करेंगे, लेकिन यह सही समय आने पर ही होगा। जब भी ऐसा होगा, यह भगवान का तोहफा होगा। यह उनके धैर्य और नियति पर विश्वास को दर्शाता है। काम के मोर्चे पर, सुरभि चंदना ने हाल ही में अपने होम बैनर फील गुड स्टूडियोज के तहत बालाजी डिजिटल शो इश्क दम और इडली रसम के साथ प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू किया है।

# बच्चों की याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ावा देने के लिए अपनाएं ये 5 आदतें

ब बच्चों की याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ावा देना एक अहम काम है। यह न केवल उनके पढ़ाई के लिए जरूरी है, बल्कि उनके जीवनभर काम आ सकता है। सही आदतें अपनाकर आप अपने बच्चों को बेहतर पढ़ाई करने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी आदतों पर चर्चा करेंगे, जो आपके बच्चों की याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक हो सकती हैं। बच्चों के लिए एक निश्चित समय पर पढ़ाई करना बहुत जरूरी है। इससे उनकी आदतें बनती हैं और वे समय प्रबंधन सीखते हैं। एक निश्चित समय पर पढ़ाई करने से उनका ध्यान भी बेहतर होता है और वे अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ाई कर सकते हैं। सुबह का समय सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस समय मन ताजा होता है और वे



नई जानकारी को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। लंबे समय तक पढ़ाई करने से थकान हो सकती है, जिससे ध्यान भटकता है। इसलिए बच्चों को बीच-बीच में आराम के छोटे-छोटे पल लेने की आदत डालें। हर 25-30 मिनट की पढ़ाई के बाद 5-10 मिनट का आराम लें। इस दौरान वे थोड़ी देर टहल सकते हैं, पानी पी सकते हैं या हल्का-फुल्का खेल खेल सकते हैं। इससे उनका मन तरोताजा रहेगा और वे अधिक ऊर्जा के साथ पढ़ाई कर पाएंगे, जिससे उनकी याददाश्त और एकाग्रता भी बढ़ेगी। ध्यान केंद्रित करने वाले खेल खेलें ध्यान केंद्रित करने वाले खेल बच्चों की मानसिक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। शतरंज, पहेली या याददाश्त के खेल जैसे मेमोरी गेम्स बच्चों की सोचने की क्षमता को मजबूत करते हैं। इन खेलों से बच्चे न केवल मजे करते हैं बल्कि उनकी याददाश्त भी बेहतर होती है। इसके अलावा ये खेल उनके ध्यान को भी बढ़ाते हैं, जिससे वे अपने अध्ययन में अधिक ध्यान लगा सकते हैं और बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों का खान-पान उनकी मानसिक सेहत पर बड़ा असर डालता है। उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर खाना दें जैसे फल, सब्जियां, मेवे और दूध आदि। इनसे उनका दिमाग स्वस्थ रहता है और याददाश्त मजबूत होती है। इसके अलावा उन्हें समय-समय पर पानी पीने की आदत डालें ताकि वे तरोताजा रहें। सही खाने-पीने से उनकी एकाग्रता भी बढ़ती है, जिससे वे अपने पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और



अधिक प्रभावी ढंग से सीख सकते हैं। नियमित व्यायाम कराएं नियमित व्यायाम न केवल शारीरिक सेहत के लिए बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। बच्चों को रोजाना कुछ मिनट दौडऩे, कूदने या योग करने के लिए प्रेरित करें। इससे उनका मन तरोताजा रहता है और वे अधिक ऊर्जा के साथ पढ़ाई कर सकते हैं। इन सरल तरीकों से आप अपने बच्चों की याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे उनका पढ़ाई और जीवन दोनों ही बेहतर होगा।

